आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

स्माचार

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधान सभा का मानसून सत्र कल से शिमला में शुरू हो रहा है जो 9 सितंबर तक चलेगा। इस सत्र में कुल 10 बैठकें होगी। सत्र की पहली बैठक कल सुबह 11 बजे शुरू होगी और सबसे पहले तीन पूर्व सदस्यों टेकचंद, नारायण सिंह स्वामी और दौलत राम चौधरी के निधन पर शोकोद्गार के प्रस्तुत किये जायेंगे। सत्र के दौरान दो दिन गैर सरकारी दिवस होगा। विधानसभा सत्र के लिए अभी तक कुल 9 सौ 36 प्रश्न प्राप्त हुये हैं जिनमें से 6 सौ 40 तारांकित और 2 सौ 96 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं।

सर्वदलीय बैठक

सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भाग लिया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण बैठक में भाग नहीं ले सके। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के सफल संचालन में सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सत्र के संचालन में भाजपा द्वारा सदन में रचनात्मक सहयोग देने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान प्रश्नकाल के अलावा नियम–101, नियम–62, नियम–63, नियम–130 और नियम 324 के तहत 42 से अधिक चर्चाएं करवाई जाएंगी। इसके अलावा कई विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सर्वदलीय बैठक में विपक्ष का कोई नेता शामिल न हुआ हो। उन्होंने भाजपा से सकारात्मक विपक्ष की भूमिका अदा करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाने का आह्वान किया है।

सत्र रणनीति

इस बीच मॉनसून सत्र के दौरान रणनीति बनाने को लेकर भाजपा विधायक दल की एक बैठक आज शिमला में हो रही है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। दूसरी ओर सत्र को लेकर सरकार की रणनीति तैयार करने के लिये कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के लिए सालाना 53 करोड़ 21 लाख रूपये का आबंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा महिलाओं और विकलांग माता—पिता को उनके बच्चों की शिक्षा व कल्याण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने एक नई पहल करते हुए ये योजना शुरू की है और इसके तहत पात्र महिलाओं व विकलांग माता—पिता को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी खर्चों के लिए एक हज़ार रूपये मासिक अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा या व्यवसाय पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले बच्चों को ट्यूशन और छात्रावास का खर्च वहन करने के लिए भी राज्य सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व देश सहित प्रदेशभर में आज श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसे लेकर प्रदेशभर में मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जन्माष्टमी पर्व के चलते लोगों में काफी उत्साह है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि प्रसन्नता और उल्लास का यह पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण के पवित्र आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि ये पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाएगा और ऊर्जा का संचार करेगा। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने सभी से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

मणिमहेश यात्रा

इस बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मणिमहेश डल झील में छोटे स्नान के साथ ही चंबा ज़िले की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा आज से आधिकारिक रूप से आरम्भ हो गई है। राधाष्टमी पर शाही

स्नान के साथ 11 सितम्बर को इस यात्रा का समापन होगा। आज सुबह हजारों श्रद्धालुओं ने मणिमहेश डल झील में आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन किए। अब तक देश के विभिन्न राज्यों से करीब 50 हजार श्रद्धालु यात्रा कर चुके हैं। समुद्र तल से करीब 13 हजार 500 फुट की ऊंचाई पर स्थित मणिमहेश डल झील तक श्रद्धालु हड़सर से 13 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर पहुंचते हैं। वहीं यात्रियों की सुविधा हेतु हैली टैक्सी की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है तथा काफी संख्या में यात्री भरमौर से गौरीकुंड तक हैली टैक्सी के जरिये भी पहुंच रहे हैं।

....

....